तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024


8 बस्तर में शांति और खुशहाली के लिए आगे आएं युवा...



9 2 साल से अधूरे पड़े हैं जल मिशन के काम





## खबर संक्षेप

### भंडारपदर मुठभेड़ के विरोध में 29 को नक्सलियों का सुकमा बंद

**सुकमा।** जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के भंडारपदर में हुए मुठभेड़ के विरोध में नक्सलियों ने 29 नवंबर को बंद बुलाया है। दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर बंद का आह्वान किया है। पर्चे में नक्सलियों ने जवानों पर 6 निहत्थे नक्सलियों की हत्या का आरोप लगाया है। वहीं मुठभेड़ के दौरान सिर्फ 4 के पास हथियार थे और 6 लोग निहत्थे होने की बात कही है। नक्सली सचिव का कहना है कि, 10 में से दो लोग ग्रामीण थे। भंडारपदर की दुधी हूंगी और कुंजाम बामन ग्रामीण थे। उनका नक्सली संगठन से कोई संबंध नहीं था। बता दें कि कोंटा ब्लॉक के भेज्जी इलाके में शुक्रवार की सुबह डीआरजी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। सभी के शव बरामद कर लिए गए। वहीं घटनास्थल से 3 ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए।

### आईईडी बम बरामद, सुरक्षा बलों ने किया निष्क्रिय

**सुकमा/कोंटा।** बीते दो दिनों से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगाए गए आईईडी बमों को बरामद कर निष्क्रिय कर नष्ट किया जा रहा है। आज किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन के लिए निकले जिला बल, 217 वाहिनी सीआरपीएफ की पार्टी ने सल्लतोंग व आसपास एरिया जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाये गये एक प्रेशर आईईडी बम को बरामद किया गया। बरामद आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन के लिए जिला बल, 206 वाहिनी कोबरा की पार्टी रवाना हुए थे। अभियान के दौरान तुमालपाड़-नवीन कैंप रायगुडेम जाने वाली मार्ग में माओवादियों द्वारा लगाये गए एक प्रेशर आईईडी को किया गया बरामद। बरामद आईइडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करते हुए नष्ट किया गया।



# पर्यटन नगरी बारसूर में रात्रि विश्राम के लिए सराय तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अलग खबर

दंतेवाड़ा जिले की पर्यटन नगरी बारसूर में पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए सराय व अन्य बुनियादी सहूलियत का अभाव है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में सैलानी विश्व विख्यात गणेश मंदिर और अन्य ऐतिहासिक धरोहरों को देखने आते हैं। सुविधा नहीं होने से पर्यटन का पूरा मजा नहीं ले पाते हैं। गणेश मंदिर और मामा-भाचा मंदिर तक जाने वाली मार्ग बहुत ही संकरा है। बड़ी मुश्किल से वाहनों की आवाजाही होती है। इस वन वे रोड के कारण ट्राफिक की समस्या रहती है। गणेश मंदिर रोड में साप्ताहिक बाजार भी लगता है। साथ ही शैक्षणिक संस्थान संचालित है, जहां सैकड़ों बच्चे अध्ययन करते हैं। बाजार के दिन गणेश मंदिर रोड में इतनी अधिक ट्रैफिक हो जाती है कि स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी परेशानी होती है। गणेश मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पहल करने की आवश्यकता है। साप्ताहिक बाजार से गणेश मंदिर तक सकरी रोड होने के कारण आए दिन लोगों को ट्रैफिक की समस्या से जूझना ▶▶| शेष पेज 8 पर

## ऐतिहासिक राजधानी रही बारसूर में सुविधाएं गांव जैसी



### ऐतिहासिक नगरी में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं

पर्यटन विभाग ऐतिहासिक गणेश मंदिर के आसपास ना केवल बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर उदासीन है बल्कि मंडप का काम को पूरा करने में भी कोताही बरत रही है। ऐतिहासिक मंदिर की गरिमा अनुकूल शेड निर्माण नहीं किया गया है। केवल प्रोफाइल शीट का शेड बना छोड़ दिया है। मूर्ति की सुरक्षा हेतु कोई इंतजाम नहीं है। रस्सी का घेराव कर मूर्ति की काम चलाऊ सुरक्षा की गई है। अवकाश का दिन होने से पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

महासमुंद, धमतरी राजनांदगांव और जगदलपुर ▶▶| शेष पेज 8 पर



# भतीजे ने बड़े पिता पर पेट्रोल छिड़क कर लगा दी आग, हालत गंभीर

जमीन को लेकर काफी समय से चल रहा था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के उलनार तारागुड़ा पारा जमीन विवाद की बात पर आक्रोशित भतीजे ने देर रात अपने बड़े पिताजी के घर पर जाकर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पीड़ित को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक मामला उलनार ग्राम की है जहां जमीन विवाद के चलते भतीजे ने अपने पिता के बड़े भाई पर पेट्रोल छिड़कर उसे जान से मारने की कोशिश की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 332 के तहत मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## आरोपी भेजा गया जेल



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिंहा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर नगरनार थाना प्रभारी तामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया। हादसे में पीड़ित लखमू के सिर, छाती, दोनों हाथ और पैर के दोनों घुटने आग की वजह से बुरी तरह से झुलस गए है फिलहाल मेकॉज में लखमू का ईलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार नगरनार थाना क्षेत्र निवासी लखमूराम कश्यप 60 वर्ष अपनी पत्नी और बेटी दामाद के साथ ग्राम पंचायत उलनार के तारागुड़ा पारा में रहता है। लखमू का उसके छोटे भाई विक्रम कश्यप के बेटे शिबो कश्यप के साथ काफी समय से जमीन विवाद चल रहा था। लखमू का कोई बेटा नही है इसी वजह से शिबो कश्यप लखमू के जमीन पर अपना कब्जा करना चाहता था। घटना दिनांक 22 नवंबर को लखमू की बेटी और दामाद अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने देउरगांव गए हुए थे। रात को घर में लखमू और उसकी पत्नी अलग अलग कमरों में सो रहे थे। रात करीबन 12 बजे लखमू की घर में किसी की आहट सुनकर नींद टूट गई। लखमू ने देखा कि उसके छोटे भाई का बेटा शिबो घर के अंदर खड़ा हुआ है, लखमू ने शिबो से इतनी देर रात घर आने की वजह पूछी तभी आरोपी शिबो ने अपने पास रखा पेट्रोल छिड़कना शुरू कर दिया। पेट्रोल छिड़कने के बाद शिबो ने जान से मारने की धमकी देते हुए लखमू को आग के हवाले कर दिया. आग लगते ही लखमू ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर घर के दूसरे कमरे में सो रही उसकी पत्नी भागकर वहां पहुंची लेकिन तब तक शिबो वहां से फरार हो गया था। घटना के बाद लखमू की पत्नी ने आस पड़ोस के लोगों की मदद से पति को गंभीर स्थिति में मेकॉज पहुंचाया मेकॉज पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है।

# बीमा कंपनी देगी 20 लाख की क्षतिपूर्ति

## भरेगी 10 हजार का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग ने एक प्रकरण में आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को 20 लाख की क्षतिपूर्ति और 10 हजार का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया है। नारायणपुर निवासी अजीत कुमार नेताम द्वारा अपनी नई महिंद्रा स्कार्पियो वाहन का बीमा आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा दुर्घटना की पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर,बीमा कंपनी के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों सहित क्षतिदावा पेश किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा वाहन किराए पर चलाए जाने एवं दुर्घटना के समय ड्राइवर बदले जाने का अवलंबन लेते हुए बीमा कंपनी की शर्तों का उल्लघंन होना बताकर,क्षतिपूर्ति दावा निरस्त कर दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक ने जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि दुर्घटना के समय वाहन किराए पर चलाया जा रहा था और क्षतिपूर्ति राशि की प्राप्ति हेतु दुर्घटना का वास्तविक वाहन चालक बदल ▶▶| शेष पेज 8 पर

# एक लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छग शासन की नक्सल उन्मूलन नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर सोमवार को एक लाख के इनामी नक्सली ने सरेंडर कर दिया। कामाराम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष सुधाराम सोडी लंबे समय से माओवादी संगठन में रहकर सरकार के खिलाफ काम कर रहा था। जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में खुल रहे नए कैंप और विकास कार्यों से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस अफसरों के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली सुधाराम सोड़ी को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।






## महापौर, एमआईसी व वरिष्ठ भाजपा पार्षद को कांग्रेस के आरोप पर देनी पड़ी सफाई

# निगम के स्वीकृत सभी कार्य करवाए गए, कांग्रेस के आरोप झूठे : सफिरा

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ वार्डों का परिसीमन के चलते हुई कुछ तकनीकी त्रुटियां

नगर निगम में अब तक जितने भी स्वीकृत कार्य करवाए जा चुके है कांग्रेस का आरोप झूठा और मनगढ़ंत है। वार्डों का परिसीमन के चलते कुछ तकनीकी त्रुटि हुई है पर जिन निर्माण कार्यों को नहीं किए जाने और भ्रष्टाचार करने का आरोप कांग्रेसी पार्षद लगा रहे हैं, वह सरासर गलत है। यह बातें महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव व वरिष्ठ भाजपा पार्षद संजय पांडे ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी पार्षदों के अनुसार यदि अम्बेडकर वार्ड में सामुदायिक भवन नहीं बना है तो वार्ड पार्षद द्वारा उसकी मरम्मत के नाम पर एक लाख रुपए को कहां खर्च किया गया है। पार्षद श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है। जिस डम्पिंग यार्ड को कांग्रेस के समय चिन्हित किया गया था, उसी डम्पिंग यार्ड में कचरा डालने का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को समस्या तब से ही शुरू हो गई थी, जब महापौर भाजपा में शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्षद बी ललिता राव ने भी बकायदा भाजपा का गमछा पहनकर फोटो खिंचवाया था, लेकिन बाद में पार्टी के दबाव के कारण बयान बदला गया। इस पर पार्षद के खिलाफ कांग्रेस को कार्रवाई करना चाहिए लेकिन इसके उलट थाने में एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया गया। इस दौरान नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, दयावती देवांगन, भारती प्रधान व अन्य भाजपा पार्षद उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


# सुरक्षा कैम्प स्थापना से कोण्डापल्ली में विकास कार्यों में आई तेजी



**बीजापुर।** बीजापुर जिले के धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों मे नवीन सुरक्षा कैम्पों के स्थापना से विकास मूलक कार्यो में तेजी आ रही है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर आवश्यक पहल की जा रही है। सड़क, बिजली, पानी, राशन, अस्पताल,स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे बुनियादि सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। हाल ही उसूर ब्लॉक के धुर माओवाद क्षेत्र कोण्डापल्ली में पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित होने के पश्चात शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को सुलभ कराने 4 नवीन हैण्ड पंप स्थापित किए गए है। जिसमें ग्रामीणों को अब पेयजल के लिए जद्दोजहद करने से निजात मिलेगी। समुचित पेयजल व्यवस्था से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। विभिन्न बुनियादि सुविधाएं मिलने के लिए लोग आशान्वित नजर आ रहे है। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता देखने को मिल रही है। शासन-प्रशासन से जुड़कर विकास की मुख्य धारा में जुड़ने के लिए ग्रामीणों को अब उम्मीद की नई किरण दिखाई दे रही है। कोण्डापल्ली की 1500 से अधिक जनसंख्या है। सारकेगुड़ा में आयोजित आधार कैम्प के माध्यम से 120 लोगों का आधार कार्ड बनाया जा चुका है वहीं राशन कार्ड बनाने का कार्य प्रगति पर है।

## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 1 लाख 17 हजार 360 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**कोण्डागांव।** जिले के पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में लगातार धान खरीदी का कार्य जारी है। अब तक 1 लाख 17 हजार 360 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में टोकन कटाने से लेकर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सभी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र और माइक्रो एटीएम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलने से किसानों को धान खरीदी के दौरान बहुत सहुलियत मिल रही है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 55 हजार 298 पंजीकृत किसानों से 67 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 01 लाख 17 हजार 360 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें सबसे ज्यादा गम्हरी धान खरीदी केन्द्र में 10,042 क्विंटल, मुलमुला केन्द्र में 8,164 क्विंटल, बफना केन्द्र में 7,669 क्विंटल, बहीगांव में 5,864 क्विंटल और अरण्डी में 5,664 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

### अमृत सरोवर स्थलों पर किया जाएगा संविधान दिवस का आयोजन



**कोण्डागांव।** जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य नागरिको को संविधान के प्रति जागरूक करना और कर्तव्यों के महत्व को समझाना है। इसके साथ ही कार्यक्रम में ग्रामीणजन संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कर संविधान के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लेंगे।

### जनजीवन मिशन, ओंडरी बन गया हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम ओंडरी में गत दिवस हर घर जल उत्सव समारोह आयोजित कर हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस मौके पर ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सरपंच सियाराम नेताम, उपसरपंच, सचिव, ग्राम पटेल, पंचगण ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों को जल कर, सामुदायिक सहभागिता एवं स्वामित्व भावना से योजना का संचालन, संधारण, प्रबंधन जैसे प्रमुख जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित गया। साथ ही मंथली एफटीके रजिस्टर बनाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक तकनीकी दीपक कुमार, प्रकाश ठाकुर एवं आई एस ए संगम सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

---

**आयोजन : जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन समारोह**

# बस्तर में शांति और खुशहाली के लिए आगे आएं युवा: उपमुख्यमंत्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- गृहमंत्री विजय ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत
- वॉलीबॉल मैदान के लिए 20 लाख देने की घोषणा की

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन आज हुआ। उपमुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान विधायक सहित अन्य उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य समापन समारोह आज स्थानीय विकासनगर स्टेडियम में संपन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समापन समारोह में सबसे पहले मीडिया प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के बीच रस्साकसी के मैच को देखने पहुंचें। इसके बाद फरसगांव और माकड़ी विकासखण्ड के टीम के बीच आयोजित कबड्डी मैच और कराते खेल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच का आनंद लिया। इसके पश्चात उन्होंने तीरंदाजी मैच में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही स्वयं तीरंदाजी में भी हाथ आजमाया। समारोह में उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदाय किया। इस अवसर पर उन्होंने व्हालीबॉल मैदान के लिए 20 लाख देने की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व शासन की महत्वांकांक्षी योजना नियद नेल्लानार से





बस्तर के दूरस्थ अंचलों तक शासन की योजनाएं पहुंच रही है। जिससे बस्तर क्षेत्र में खुशहाली आ रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बस्तर की संस्कृति और परंपराओं के प्रति प्रेम रखें और इसे बनाए रखने में अपना योगदान दें। बस्तर में शांति स्थापना के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक 'बस्तर की आवाज' के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रस्तुती देते हुए माओवाद को खत्म कर बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने का संदेश दिया।

### आयोजनों से खेल प्रतिभाओं में निखार: उसेंडी

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक के आयोजन से क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए एक नया अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोंडागांव जिले के युवाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार ने वर्षों से बंद उत्कृष्ट खिलाड़ियों के सम्मान की परंपरा को फिर से शुरू किया है।

### सभी क्षेत्र में हो रहा विकास : कश्यप

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि 24 वर्ष पहले अविभाजित मध्यप्रदेश के समय बस्तर क्षेत्र में विकास नहीं पहुंच पाता था। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण के बाद यहां के विकास में गति आई। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में खेल के साथ साथ सभी क्षेत्र में विकास हो रहा है। यहां के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे बस्तर क्षेत्र के विकास में युवा पीढ़ी अपना योगदान देंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, पूर्व विधायक संतराम नेताम, दीपेश अरोरा, मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित रहे।

---

स्कूलों के विकास और मूलभूत सामग्री क्रय की राशि में गड़बड़ी

# फर्जी सील और हस्ताक्षर से दर्जनों स्कूलों की लाखों की राशि का फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनौरा

केशकाल विकासखंड में स्कूलों के विकास और मूलभूत सामग्री क्रय की राशि के घोटाले और बंदरबांट का मामला उजागर हुआ है। विकासखंड अंतर्गत कई शालाओं के प्रधान अध्यापक ने लिखित शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौपी। शिकायत में बताया गया है कि उनकी जानकारी के बगैर ही पीएफएमएस की राशि निकाली गई है। सम्पूर्ण प्रकरण में प्रथम दृष्टया जाँच करने पर प्रतीत होता है कि वैध अवधि समाप्ति के एक दिन पूर्व ही जनरेट किए फर्जी पीपीए के जरिए हुए भुगतान से पता चलता है कि राशि की बड़ी खेप सेलेक्टिव वेंडर के नाम से जमा हुई है। कई शालाओं में उसी दिन आहरण भी कर लिया गया है। उच्च कार्यालय से राशि





### पीपीए जारी नहीं किया प्रधान अध्यापकों ने

ऑनलाइन पीपीए जेनरेट करने का आईडी और पासवर्ड संस्था में और बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध होता है। संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों की शिकायत के अनुसार उन्होंने पीपीए जारी नहीं किया तो शक की सुई सीधे कार्यालय खंड श्रोत समन्वयक केशकाल की ओर भी शक सुई घूमती है। प्रकरण में में शिक्षकों की मांग है कि यह एक आपराधिक प्रकरण है। जाँच कर घोटालेबाजों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

अपने चहेते वेंडर के खाते में ट्रान्सफर करा दिया गया जबकि इस हेतु संस्था के प्रधानाध्यापकों को इसकी जानकारी नही दी गई और न ही आहरण और वेंडर के खाते में राशि ट्रान्सफर करने के लिए आवश्यक आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिए गए। प्रधान अध्यापकों एवं शिक्षकों ने जब खंड शिक्षा अधिकारी को मामले के बारे में अवगत कराकर जाँच कराने की मांग की। खंड शिक्षा अधिकारी ने जब जाँच कराई तो प्रथम दृष्टया पाया गया कि बैंक में पीएफएमएस के माध्यम से वेंडरों के खाते में राशि का ट्रान्सफर करने वाले प्रपत्रों में प्रधान अध्यापको के फर्जी हस्ताक्षर और फ़र्ज़ी सील लगाकर राशि ट्रान्सफर की गई है। जाँच में ऐसे लगभग 35 से 40 शालाओं की राशि के घोटाले की जानकारी मिल रही है।

---

# डिप्टी सीएम साव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में आयोजन

उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जन्मदिन समारोह आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाओं और बच्चों ने काष्ठ शिल्पकार शिवचरण साहू द्वारा तैयार डिप्टी सीएम साव के पोर्ट्रेट को रोली और तिलक लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय के प्रधान अध्यापक पी.एल. नाग ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जीवन और उनके योगदान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की।

### न्योता भोज और विशेष कार्यक्रम

कार्यक्रम में संस्था की शिक्षिका श्रीमती ललिता समरथ ने बच्चों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की। भोज में खीर, पूड़ी और पनीर की सब्जी परोसी गई। जिससे बच्चों में खास उत्साह देखा गया। इसके साथ ही सभी बच्चों को कलम प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय भ्रमण के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ विनोद





कुमार साहू सपरिवार पहुंचे। उनके नेतृत्व में साहू संघ द्वारा उपमुख्यमंत्री जी के काष्ठ शिल्प से बने पोर्ट्रेट को क्रय किया गया और बच्चों के न्यौता भोज के लिए विशेष सहयोग राशि प्रदान की गई।

### शिक्षकों और समाज सेवकों का योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ शिक्षिका आरती बेर और रंजीता तिग्गा ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने न्यौता भोज के आयोजन और सहयोग के लिए ललिता मुकेश समरथ परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन काष्ठ शिल्पकार और शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा किया गया। बच्चों ने न केवल भोजन का आनंद लिया, बल्कि उपमुख्यमंत्री के बारे में प्रेरणादायक बातें सुनकर प्रेरित भी हुए। समाजसेवा और प्रेरणा का प्रतीक यह आयोजन केवल एक जन्मदिवस समारोह नहीं था, बल्कि समाजसेवा, शिक्षा और बच्चों के पोषण के प्रति समर्पण का प्रतीक बना। इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों को प्रेरित करता है, बल्कि समाज में समर्पण और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है।

---

# शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मना एनसीसी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी इकाई सीजी गर्ल्स 1 बटालियन द्वारा 76वां एनसीसी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा और जिलाध्यक्ष सूरज यादव रहे। उनके साथ अन्य विशिष्ठ अतिथि भी मौजूद रहे। शुरुआत एनसीसी ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात मंच पर मां भारती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। प्राचार्य डॉ. पटेल ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। एनसीसी



कैडेट कुसुम पांडे ने एनसीसी की भूमिका और इतिहास के बारे में जानकारी दी। वहीं, सूबेदार नगेंद्र पॉल और एएनओ पद्मा पांडे ने एनसीसी के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एनसीसी में प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने देश सेवा का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सुब्रत साहा ने एनसीसी द्वारा विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा की भावना विकसित करने की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें गायन और नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही, महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 4 यूनिट रक्तदान किया गया। संचालन कैडेट सत्यवती वडे और डीकेश्वरी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राध्यापक शशिभूषण कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति ने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने में योगदान दिया।

---

# 21 क्विं. प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- किसानों को दी गई मोदी की गारंटी के अनुरुप हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माइक्रोएटीएम से 2000 रुपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।



### धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल हैं। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक धान खरीदी अनुमानित है।

---

**दिव्यांग बच्चों का विकासखंड स्तरीय आंकलन शिविर**

# 27 बच्चों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र, 3 सर्जरी के लिए चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

- 88 दिव्यांगों ने कराया था पंजीयन, 4 को दिया श्रवण यंत्र

नगर के कर्मचारी भवन में सोमवार को दिव्यांग बच्चों का विकासखंडस्तरीय आंकलन शिविर आयोजित किया गया । इस आंकलन शिविर में विकासखंड के समस्त संकलन से प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक जिला कोंडागांव के आदेशानुसार समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के जिला मेडिकल बोर्ड टीम के सहयोग से किया जा रहा है । सभी प्रकार की दिव्यांगो पर प्रमाण पत्र बनाने हेतु उनका जांच किया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी सोमय देवांगन, शुभांगी देवांगन , अतुल सिंगरौल विशेष शिक्षा के सहयोग से यह आकलन शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल प्राथमिक माध्यमिक , हाई स्कूल , हायर सेकेंडरी से 88 बच्चों का पंजीयन किया गया है । जिसमें 27 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया है एवं 3 बच्चे सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया है। 4 बच्चों को श्रवण यंत्र दिया गया है एवं सभी के स्वास्थ्य की जांच की गई है। यहां सभी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।





### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड सिविल सर्जन जिला कोंडागांव सहायक कार्यक्रम समन्वयक से एस आर मरावी समग्र शिक्षा कोंडागांव एवं फरसगांव बीआरसी अशोक मरकाम, बीआरपी भास्कर वर्मा, लिसा बैध , सरिता एवम विकासखंड फरसगांव के संकुल समन्वयक मनोज नेताम, गांडो राम , यशवंत साहू , भक्तु राम मंडावी, एवं बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित है।

---

## पेज 9 के शेष

### पर्यटन नगरी बारसूर ...

पड़ रहा है। गणेश मंदिर से 200 मीटर दूर डेनेक्स गारमेंट फैक्ट्री के सामने पर्यटकों की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण किया जाना है जो आज कि स्थित में अपूर्ण है। बाहर से आने वाले सैलानी खुले में शौच करने के लिए मजबूर है। यदि अपूर्ण शौचालय और स्नानागार का काम नगर प्रशासन की ओर से पूरा कर दिया जाता तो लोगों को सहूलियत होती। बाहर से आने वाले पर्यटक वाहनों से फीस वसूली जा रही है। वही सुविधा के नाम पर एक शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। मुचनार निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि गणेश मंदिर रोड में बड़ी वाहनों को साइड देने तक कि जगह नहीं रहती। मुश्किल से लोग सफर कर रहे हैं। मार्ग का चौड़ीकरण जरूरी है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग बारसूर में रिर्साट तथा अन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देवे।

### ऐतिहासिक नगरी ...

से सैलानी बस व अन्य वाहनों से बारसूर गणेश मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे। धमतरी निवासी राम, विकास और अजय ने बताया कि शौचालय और स्नानागार की सुविधा नहीं होने से पर्यटकों को परेशानी हो रही है। यही नहीं बारसूर में पर्यटकों के ठहरने के लिए भी कोई सुविधा नहीं होने पर पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की।

### बीमा कंपनी देगी....

दिया गया था। जबकि दुर्घटना की पुलिस रिपोर्ट में भी आवेदक ही वाहन चालक रहा है। इसे हेतु बीमा कंपनी को 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रेडक्रास सोसायटी प्रबंध समिति की बैठक 28 को

**बीजापुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार जिला शाखा बीजापुर में प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। इस संबंध में जिला शाखा के सदस्यों की अंतिम रुप से प्रकाशित सूची तैयार हो चुकी है। जिले में पंजीकृत संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को नियमानुसार सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जा रहा है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला बीजापुर के आदेशानुसार 28 नवम्बर 2024 दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक आयोजन किया जाएगा।

### 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन



**लोहंडीगुड़ा।** एनएसएस इकाई शाउमावि कोठियागुड़ा का 7 दिवसीय विशेष शिविर 24 से 30 तक थीम स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा के तहत ग्राम पंचायत मान्दर विख लोहाण्डीगुड़ा में उदघाटन किया गया। इस अवसर ग्राम सरपंच मंगतु राम कश्यप मुख्य अथिति, जगदीश चंद्र मौर्य अध्यक्ष, विशिष्ट अथिति के रूप में करण कश्यप उपसरपंच, ग्राम पटेल सुखराम कश्यप, ग्राम कोटवार सोनाधर बघेल, सुकटु राम बघेल, गणपत बघेल, चन्दन सहारे, चन्दन मौर्य तथा उमा शंकर ठाकुर उप प्राचार्य, मसूराम मण्डावी कार्यक्रम अधिकारी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं, वालंटियर्स उपस्थित थे।


## अपील : ग्रामीणों ने कलेक्टर आफिस पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# 2 साल से अधूरे पड़े हैं जल मिशन के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- लगातार शिकायतों के बाद भी विभाग नहीं दे रहा ध्यान





जिले के गोंदपल्ली पंचायत के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीण सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां कलेक्टर से ज्ञापन सौंपकर पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत अधूरे पड़े कार्यों की शिकायत की।

पंचायत के मोसलपारा, सोफीरास, पटेलपारा और गोंदपल्ली खासपारा में बन रहे पानी टंकी बीते दो साल से अधूरे पड़े हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। गोंदपल्ली पंचायत के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीण सोमवार को दो ऑटो में भरकर जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले जल जीवन मिशन के तहत क्रेडा विभाग द्वारा पंचायत के मोसलपारा, सोफीरास, पटेलपारा और गोंदपल्ली खासपारा में पानी टंकी और पाइप लाइन का काम शुरू किया गया था। रायपुर की अलग-अलग फमर्स ने काम भी शुरू कर दिया।

गोंदपल्ली में सोलर से संचालित तीन पानी टंकी के लिए चबूतरे तैयार किए। उसके ऊपर लोहे के खंभे खड़े करने के बाद ओवरहेड टैंक नहीं लगाया गया। ऐसा ही हाल मोसलपारा का है, जहां पानी टंकी के लिए चबूतरा बनाकर छोड़ दिए हैं। वहीं पंचायत के सोफीरास में टंकी बनाने का सामान उतारा गया लेकिन आज तक काम शुरू ही नहीं हुआ है।

## छग सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल करेगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मोर छईया भुईया के गायक सुनील सोनी नाइट का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीडा मंडल संस्था छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना एवं एनएमडीसी स्थापना दिवस के वर्षगांठ के अवसर पर सुरमई सांस्कृतिक संध्या सुनील सोनी स्टार नाइट का आयोजन वीआईओपी स्कूल ग्राउंड में 27 नवंबर को 7 बजे से करवा रही है। संस्था के सचिव पीएल साहू ने बताया कि विदित हो कि लोक गायक सुनील सोनी छत्तीसगढ़ के नंबर वन सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायक है, जो छालीवुड छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत एवं गायन करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महा प्रबंधक संजीव साही एवं विशिष्ट अतिथियों में किशन आहुजा मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स आर राजकुमार, महाप्रबंधक उत्पादन संजय कोचर, उपमहाप्रबंधक माईनिंग बीके माधव उपमहाप्रबंधक कार्मिक एवं एएम, एनएस स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के महाप्रबंधक इस कार्यक्रम के अतिथियो में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम को वृहद रूप देने के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था के सभी सदस्य अपनी पूरी शक्ति के साथ तैयारी में लगे हुए हैं।

# पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने भवन के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकार-कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री के नाम आवेदन भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे को सौंपा है। संघ की मांग है कि पिछड़ा वर्ग के लिए कर्मचारी भवन की स्वीकृति प्रदाय करें। दशकों से सुकमा जिले में पिछड़ा वर्ग के लोग निवासरत हैं।

जिसके लिए अब तक कोई भी समाज भवन नहीं बनाया गया है। ऐसे में सरकार बदलते ही अपने समाज के मंत्री से समाज के अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वयं के भवन की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी समाज के लिए उनका अपना भवन है, ऐसे में पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारी-कर्मचारी बाहुल्यता है और अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के कारण यहां के समाज प्रमुख व अधिकारी-कर्मचारियों को ठहरने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुकमा जिला प्रदेश के अंतिम छोर पर घोर नक्सल प्रभावित जिले में आता हैं। ऐसे में अगर पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को उनका अपना भवन मिलेगा तो वे अपने समाज के मंत्री बनाने पर सरकार और मंत्री का शुक्रगुजार रहेंगे। इस दौरान राजेश यादव, राम गुरूपंच, राजेन्द्र सिन्हा, विनायक साहू, किशोर साहू, हरिनारायण, एविन्दु सिन्हा, इत्लेश वर्मा, मनमोहन सिंहे, भरत साहू आकारा कनौजिया, राम सिंह नाम, लक्ष्मी यादव सहित सैकड़ों सदस्य शामिल रहे।

### बच्चों में समझ के साथ पढ़ाई के स्तर की हो रही हैं जांच



**भोंड।** केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण निर्देशों में कक्षा 3री, 6वीं, 9वीं के बच्चों में पिछली कक्षाओं के अनुभवों की वास्तविकता से परिचित होने के उद्देश्य से बस्तर विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूलों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। परख परीक्षा संकुल केंद्र आड़ावाल के नोडल अधिकारी राकेश निषाद के द्वारा माध्यमिक शाला भुरसुंडी, परचनापल, नारानपाल की शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था प्रभारी रश्मि नेताम, हेमलता कश्यप, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश्वरी ध्रुव, भूतेश्वर पाण्डेय, लोकेश रावटे मौजूद थे।

## उपार्जन केंद्रों में किसानों को टोकन प्रक्रिया की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पर्व की शुरुआत के साथ ही किसानों में उत्साह का माहौल है। राज्य शासन ने इस प्रक्रिया को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन व्यवस्था लागू की है। इस नई प्रणाली से किसानों का समय बच रहा है और व्यवस्थागत जटिलताओं में कमी आई है।

धान उपार्जन केंद्रों में समितियों के माध्यम से किसानों को ऑनलाइन टोकन प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे केंद्र में रहकर सप्ताह के अंत तक किसानों को टोकन प्रक्रिया से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करें।

नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा सुकमा गौरव शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से किसान अब अपने समय का बेहतर प्रबंधन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान नवीन टोकन व्यवस्था के अनुसार प्रबंधन समिति द्वारा जारी टोकन से किसान आगामी 3 से 7 दिवस में धान विक्रय कर सकते है। टोकन मिलने से पहले ही धान विक्रय की प्रक्रिया की तैयारी कर पाने से किसानों को सुविधा हो रही है।

किसानों ने इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि खरीद प्रक्रिया में भी पारदर्शिता आई है।

# मितानिनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



शनिवार को मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत नेगानार में गांव की मितानिनों को श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच बलराम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, पीडी हरीश, फूलसिंह सेठिया, धर्मेंद्र ठाकुर, ग्राम सचिव रमेश दास मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। मंडल महामंत्री पीडी हरीश ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं, उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है।

सरपंच बलराम कश्यप ने मितानिनों का अभिनंदन किया। पंचायत सचिव रमेश दास ने भी मितानिनों के कार्यों के बारे में बताया। मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया ने मितानिनों की सेवा भावना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मितानिन एमटी शांति राय द्वारा अपने मितानिनों के कार्यों के अनुभव को साझा कर बताई कि हम प्रारंभ से ही निस्वार्थ भावना से सेवा कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे। शासन स्तर पर भी हमारे लिए कुछ अच्छी पहल की जाना चाहिए, ताकि हम और उत्साह से अपने दायित्व को अच्छे से निर्वहन कर सके।

### एनसीसी कैडैटों ने किया रक्तदान




**भोंड।** 1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल अमित आदर्श के दिशा-निर्देश से इस यूनिट के अधीनस्थ एनसीसी संचालित संस्था बस्तर संभाग के 750 एनसीसी कैडेटों ने 24 नवंबर को एनसीसी दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय और महाविद्यालय में रक्तदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम परेड, एनसीसी डे रन और ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएनओ और पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को

**दंतेवाड़ा।** आगामी 14 दिसंबर को जिला न्यायालय में नेशनल 'लोक अदालत' का आयोजन किया जाएगा। 'लोक अदालत' आपसी सुलह या बातचीत की एक ऐसी प्रणाली है, जहां अदालत में लंबित मामलों या विवाद या जो मुकदमेबाजी से पहले के चरण में हैं, उन दो पक्षों में समझौता किया जाता है, या सौहार्द्रपूर्ण तरीके से निपटाया जाता है। लोक अदालत त्वरित और सस्ते न्याय के लिए वैकल्पिक समाधान या युक्ति प्रदान करती है! इस हेतु 14 दिसंबर 2024 को जिला न्यायालय दंतेवाड़ा, तालुका बीजापुर सुकमा बचेली में खंडपीठों का गठन करके नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा और उसमें विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## संभाग स्तरीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ी हैं तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का हुआ समापन




बस्तर ओलंपिक का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास पूर्वक हुआ। विजेता खिलाड़ियों में आगामी संभाग स्तर के प्रतियोगिता के उत्सुकता दिखाई दे रही है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए संभाग स्तर की प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और जो खिलाड़ी संभाग स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयन से चूक गए उन्हें पुनः अपनी पूरी क्षमता और ताकत के प्रयास करने की प्रेरणा दी। खेल में जीत और हार स्वाभाविक है जो आज हार गए हैं वह कल के विजेता होंगे। कोशिश करते रहना है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। खो-खो कबड्डी, फुटबाल, व्हालीबाल, एथलेटिक्स सहित 11 खेलों में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के महिला, पुरुष कुल 384 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के लिए हुआ है। बीजापुर जिले में बस्तर ओलंपिक का ऐतिहासिक आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री, खेल मंत्री एवं बस्तर सासंद का आगमन हुआ जिससे खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हुए।

बस्तर ओलंपिक जिला स्तरीय समापन समारोह को सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल ने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित। खेल प्रतियोगिता में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों प्रशिक्षकों एवं खेल भावना से खेलने के लिए खिलाड़ियों को आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बी पुष्पा राव, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उददे, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, वरिष्ठ नागरिक श्रीनिवास मुदलियार सहित जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम बीजापुर उत्तत सिंह पंचारी, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# जिले में 106 क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



खाद्य विभाग से दी गई जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा में धान खरीदी वर्ष 2024-25 के तहत अब तक 106 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। ज्ञात हो कि जिले में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 16098 है एवं रकबा 43016 हेक्टेयर है, जिसमें से 4213 लघु एवं 5472 सीमान्त कृषक पंजीकृत है, जिनका प्राथमिकता से टोकन जारी किया जा रहा है। किसानों के लिए टोकन तुहर हाथ ऐप्प तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से किसान स्वयं अपने टोकन हेतु आवेदन दिनांक से निम्नतम 7 दिवस के पश्चात धान बेचने हेतु टोकन जारी कर सकता है तथा समितियों में भी आवेदन दिनांक से 3 दिवस पश्चात का टोकन जारी किया जा रहा है। जिले में धान खरीदी के संबंध में कुल 15 धान खरीदी केन्द्र स्थापित किये गए है। जहां अब तक 106 क्विं की खरीदी किया गया है। इसके अलावा जिले में धान खरीदी संबंधी शिकायत हेतु राज्य स्तरीय के टोल फ्री नम्बर-18002223663 एवं जिला स्तर पर शिकायत हेतु संपर्क नम्बर 7586252412 जारी किया गया है। जहां धान खरीदी संबंधी शिकायत 24 घंटे किया जा सकता है। इसके साथ ही जिले में धान खरीदी हेतु पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था कर ली गई है। जिले में धान खरीदी लक्ष्य 304930 क्विं. अनुसार 50:50 के अनुपात में नया बारदाना 762 गठान एवं पुराना 762 गठान बारदाना उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी हेतु आवक नवम्बर माह में धान की कटाई नहीं होने के कारण प्रायः कम रहती है तथा माह दिसम्बर तथा जनवरी में धान की आवक में वृद्धि होती है, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जावेगा। जिले के उपार्जन केंद्रों में धान बफर लिमिट से अधिक धान होने पर धान संग्रहण केन्द्र गीदम में धान भंडारण किया जावेगा, जिसकी भी तैयारी पूर्ण है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लिए हितग्राही सर्वेक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत हितग्राही सर्वेक्षण कार्य राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवम्बर से शुभारम्भ किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हितग्राही अपना नवीन आवास के लिए सांस्कृतिक भवन बारसूर में स्टाल के माध्यम एवं कार्यालय नगर पंचायत बारसूर में आकर फार्म भर सकते है एवं ऑनलाइन आवेदन करने एवं स्कीम गाईड लाईन के लिए शासन द्वारा जारी की गई गूगल लिंक से भी प्राप्त कर सकते है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी बारसूर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही अपना पंजीयन करा सकते है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हेतु आवश्यक दस्तावेज आवेदक का आधार कार्ड एवं परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि सम्बंधित दस्तावेज पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को पक्का मकान बनाने के आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सांसद ने कार्पोरेट मंत्री से सदन में किए सवाल

**जगदलपुर।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सांसद महेश



कश्यप ने केंद्रीय कार्पोरेट मंत्री से प्रश्न किया है। उन्होंने केंद्रीय कार्पोरेट मंत्री से सेंटर फॉर प्रोसेसिंग एक्सरेलेटेड कार्पोरेट एग्जिट (सी-पेस) की स्थिति की जानकारी ली है। कंपनियों की स्ट्राइक ऑफ प्रकिया में तेजी लाने के लिए सेंटर फॉर प्रोसेसिंग एक्सरेलेटेड कार्पोरेट एग्जिट की स्थापना की स्थिति क्या है। अनुपालन में सुगमता और व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ावा देने की दिशा में हासिल की गई अन्य उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है।

### रुकमणि ने मितानिनों के संग मनाया मितानिन दिवस

**जगदलपुर।** पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में मितानिन दिवस बनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में तोकापाल जनपद के अंतर्गत ग्राम सालेपाल, बारूपाटा, तुम्पानी में मितानिन दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रुकमणी कर्मा ने मितानिनों के साथ मितानिन दिवस मनाया। उन्होंने मितानिन बहनों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग गांव के डॉक्टर हो आप लोग सबसे पहले प्राथमिकी उपचार करते हो, आप लोग गांव मे कम संसाधन में भी, कठिन परिस्थिति में भी बेहतरीन कार्य करते हैं।

### कलेक्टर चतुर्वेदी ने की किसानों से चर्चा



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को ग्राम पंचायत गुमलनार के ग्राम गौठान में कृषकों द्वारा लगाए गए लघु धान्य फसल जैसे कोसरा, रागी, कोदो, कुटकी का स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर कलेक्टर ने इन फसलों की विस्तृत जानकारी लिया और स्थानीय कृषकों से इन लघु धान्य फसलों को बढावा देने के उपायों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें हर संभव प्रोत्साहन देने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही कलेक्टर ने ग्राम गुमलनार के कृषक बुधराम वटटी द्वारा 7 एकड़ में लगाए गए कोसरा फसल को भी देखा और अन्य कृषकों को भी लघु धान्य फसल लगाने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कृषकों द्वारा साझा की गई विद्युत विस्तार, नाला चैक डेम निर्माण, पंप की उपलब्धता एवं भूमि समतलीकरण जैसी समस्याओं के तुरन्त निराकरण हेतु निर्देषित भी किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, उप संचालक सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी आर.एस नेताम, जैविक कृषि कार्यकर्ता सुरेश नाग, शषिकांत, सहित अन्य कृषकगण उपस्थित थे।

### देशी व्यंजन एवं जैव प्रतिस्पर्धा का आयोजन



**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत बालूद में मां दंतेश्वरी संकुल संगठन द्वारा ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कांक्लेव के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमे 10 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिसमें महिलाओं ने स्थानीय सामग्रियों से स्वादिष्ट पकवान बनाकर आयोजन में चार चांद लगा दिए, इस व्यंजन स्पर्धा में माँ दंतेश्वरी स्व सहायता समूह ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर गेंदा फूल स्व सहायता बालूद की दीदियों तथा तीसरा स्थान जागृति स्व सहायता समूह पांडुम की दीदियों का रहा। इसके अलावा 3 स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहन ठाकुर, सरपंच बालूद संतु कश्यप, जनपद सदस्य सुरेंद्र भास्कर, कृषि विभाग से सुरज पंसारी, डीपीएम उमेश पाल, नितेश देवांगन, बीपीएम धर्मेंद्र ठाकुर, संकुल संगठन की दीदियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्रामीण कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

समर्थन मूल्य : खरीदी केंद्रों में टोकन व्यवस्था से किसानों को मिली सुविधा

# राज्य सरकार की धान खरीदी नीति से कृषकों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य सरकार की खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत धान खरीदी की नीति और धान खरीदी की व्यवस्थाओं से किसानों में उत्साह है। राज्य सरकार की 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी, किसानों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल, शौचालय सहित बैठने की व्यवस्था को कमलोचन बघेल, पदम सेठिया,महेन्द्र कुमार, विजय, अशोक आदि कृषकों ने सार्थक पहल निरुपित करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी विगत 14 नवम्बर से पूरे प्रदेश में शुरू की गई है। जिले में इस वर्ष 79 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से कृषकों का धान उपार्जन किया जा रहा है।









धान खरीदी के इस सीजन में किसानों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सरगीपाल, बडे मूरमा और नानगुर धान खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। टोकन व्यवस्था के तहत किसान अपने समयानुसार धान बेच रहे हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया सुचारू और व्यवस्थित हो रही है। खरीदी केंद्रों पर बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

### पेयजल, शौचालय और शेड की व्यवस्था

जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत सरगीपाल धान खरीदी केन्द्र में अपना धान बेचने आए सरगीपाल निवासी किसान कमलोचन बघेल ने बताया कि खरीदी केन्द्र में 18 नवम्बर को ऑफलाइन टोकन लेने के बाद सोमवार को 80 क्विंटल धान विक्रय करने लाए हैं। खरीदी केन्द्र पर बारदाना उपलब्ध कराने के साथ ही धान की तौल करने के लिए पर्याप्त हमाल उपलब्ध करवाया गया है। यहां पेयजल, शौचालय और शेड की व्यवस्था है जिससे किसानों को सहूलियत हो रही है।

### खरीदी की व्यवस्था बेहतर

बड़ेमुरमा खरीदी केन्द्र में धान विक्रय करने आए साड़गुड़ निवासी किसान पदम सेठिया ने कहा कि अभी भी धान कटाई चल रही है जरूरत को देखते हुए कुछ धान की मिंजाई के बाद 56 क्विंटल धान बेचने लाए हैं। उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था को बेहतर रेखांकित करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने और किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

### किसान हितैषी सरकार

नानगुर धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए किसान महेन्द्र, विजय एवं अशोक ने भी राज्य सरकार की धान खरीदी नीति को किसान हितैषी निरुपित करते हुए टोकन की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता सहित किसानों के लिए पेयजल, शौचालय और शेड की व्यवस्था को सराहनीय प्रयास बताया।

समिति प्रभारियों ने बताया कि सरगीपाल में नए बारदाना 7500, पीडीएस बारदाना पाँच हज़ार, बड़े मुरमा में नया बारदाना 30 हजार और पीडीएस दो हजार पांच बडे मूरमा और नानगुर में 20 हजार नया बारदाना, छः हज़ार तीन सौ पुराने बारदाना की उपलब्धता है। अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### मेहनत का सम्मान हो रहा

इस बार ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यवस्थित टोकन व्यवस्था के कारण केंद्रों पर भीड़भाड़ कम हुई है, और किसानों को धान बेचने में कम समय लग रहा है। किसान अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिलने से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। धान खरीदी के लिए किए गए इन बेहतर प्रबंधों से कृषि क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है, और किसानों की मेहनत का सम्मान हो रहा है।

---

## मंदिरों के इतिहास और स्थापत्य शैली से अवगत हुए इतिहास के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा एमए के विद्यार्थियों को बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर से अवगत करवाने हेतु लोहंडीगुड़ा विकासखंड में स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर, नारायणपाल एवं शिव मंदिर, छिंदगांव का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण दल का नेतृत्व कर रहे अतिथि व्याख्याता डॉ भेनु एवं डॉ विष्णु सिंह ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य न केवल बस्तर की धरोहर को दिखाना था अपितु साथ में पाठ्यक्रमानुसार स्मारकों और पर्यटन के मध्य संबंध से जुड़े तत्वों का प्रायोगिक ज्ञान भी प्रदान करना था। ये दोनों ऐतिहासिक स्मारक दो अलग सरकारी संस्थाओं यानि एक राज्य द्वारा और दूसरा केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारक है तथा एक ही राजवंश के होते हुए भी विभिन्न काल, विभिन्न स्थापत्य शैली एवं धर्म के अनुपम कलाकृति है। विद्यार्थियों के लिए यह उत्तम उदाहरण है जिससे कि बस्तर के प्राचीन ऐतिहासिक महत्व की बारीकियों को आसानी से समझ सके। यह शैक्षणिक भ्रमण विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की के निर्देशन में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में ओमप्रकाश, जयनारायण, ज्योति, खुशबू, महुया शामिल थे।



## विद्यार्थियों ने दी नृत्य की रोमांचक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- संस्कार द स्मार्ट स्कूल का तीसरा वार्षिक उत्सव

संस्कार द स्मार्ट स्कूल का तीसरा वार्षिक उत्सव का आयोजन शनिवार को एनएसएल टाउनशीप लॉन में हर्षोल्लास से मनाया गया। वार्षिक उत्सव का थीम (स्पेक्ट्रम) रखा गया। कार्यक्रम का आरम्भ गणेश वंदना से किया गया। इस अवसर पर शाला के 200 विद्यार्थियों ने मंच पर बड़े ही रोमांचक ढंग से अपना प्रस्तुतिकरण दिया जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न नृत्य के अनुसार पोषाक धारण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मुख्य अतिथि के. प्रवीण कुमार जी, (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एनएसएल, नगरनार) चेयरमेन रतनलाल जैन, विद्यालय के फाउंडर चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर सुमन भावसार, प्राचार्या ऐना पाल, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू, एनएमडीसी एचएम बिल्बी पयस, डायरेक्टर अमित जैन, नूतन जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, रोटरी क्लब के सदस्य तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## जगतु महारा हायर सेकंडरी स्कूल में एनसीसी दिवस उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगतु महारा शासकीय बहुदेशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 24 नवंबर को 76वां एनसीसी दिवस समारोह उत्सव पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमान अधिकारी कर्नल बॉबी जोसेफ 10 छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता कंपनी एनसीसी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कर्नल के स्वागत में विद्यालय के प्राचार्य बी एस रामकुमार ने पुष्पगुच्छ से किया। जोसफ ने ध्वजरोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कैडेट के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के द्वारा महानिदेशक का संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य के स्वागत उदबोधन पश्चात मुख्य अतिथि ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के के लिए कैडेट को अनुशासित रहकर निरंतर अग्रसर होना है। कार्यक्रम के अन्त में पुरस्कार वितरण पश्चात साइकिल से जागरूकता रैली को झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र सिंह राजपूत तथा आभार भुखान सिंह ने किया। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी चीफ ऑफिसर धर्मेंन्द पटनायक के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




## बीजेपी और आरएसएस आदिवासियों को संवैधानिक जानकारी से रखना चाहते हैं वंचित : रुकमणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रुकमणी कर्मा ने कहा कि पेसा कानून अधिनियम एवं वन अधिकार मान्यता से अधिनियम 2006 के संबंध में सर्व



आदिवासी समाज के द्वारा 24 नवंबर को बादल एकेडमी में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को प्रशासन के द्वारा निरस्त करना असंवैधानिक है। आरएसएस और बीजेपी आदिवासीयों को संवैधानिक जानकारी से वंचित रखना चाहती है। बीजेपी को डर है कि आदिवासीयों को संवैधानिक जानकारी मिल जाएगी तो अपने अधिकार के लिए सरकार से सवाल करेंगे इसी बात की डर आरएसएस और बीजेपी को सता रही है। कुछ दिन पूर्व ईसाई समाज के ब्लेश बस्तर कार्यक्रम को भी प्रशासन ने रद्द किया था ठीक उसी प्रकार आदिवासियों के इस कार्यक्रम को भी रद्द किया गया है, प्रशासन के अधिकारी आखिर किसके दबाव में काम कर रहे है। मुख्यमंत्री आदिवासी होने के बाद भी सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम का निरस्त होना हम आदिवासीयों के लिए बेहद चिंताजनक है। आखिरकार प्रशासन के बिना सहयोग के सर्व आदिवासी समाज ने अपने पैसों से चंदा करके यह कार्यक्रम को कोया कूटमा समाज भवन परपा में सफल आयोजन किया।

## सुकमा में धान खरीदी में तेजी लाने कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को जिले में धान खरीदी में तेजी लाने के लिए कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि पिछले 14 नवम्बर से पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का शुभारंभ हो चुका है लेकिन सुकमा जिले के 24 धान खरीदी केंद्र में अब तक सिर्फ 34 क्विंटल ही धान खरीदी गई है। जिससे जिले के किसानों में भारी नाराजगी जताई है। कांग्रेसी आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जल्द से जल्द किसानों का धान खरीदी नहीं की गई तो आने वाले समय में किसानों के हित में कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार, जिला महामंत्री राजेश नारा, जगरगुंडा जिला पंचायत सदस्य आदम्मा मरकाम, गुलाम मुर्तजा, रिंकू दास, राजकुमार कोड़ी मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने कहा सरकार की पहल सराहनीय

# जल जीवन मिशन के माध्यम से पुसपाल के हर घर पहुंचा जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जल जीवन मिशन सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस योजना ने न केवल घर-घर पानी पहुंचाया बल्कि स्वास्थ्य सुधार एवं ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा बदलाव लाया है। साथ ही बालिका शिक्षा स्तर में भी बढ़त हुई है। इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड जगदलपुर अंतर्गत ग्राम पुसपाल में भी जल जीवन मिशन के माध्यम से हर-घर जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इस योजना के द्वारा गांव में स्पॉट सोर्स विकसित कर 60 किलोलीटर एवं 40 किलोलीटर क्षमता की दो टंकियों के जरिये गांव के प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन आया है। जिससे ग्रामीणों ने हर्षित होकर सरकार के पहल को सराहनीय



निरुपित कर धन्यवाद दिया है।

जगदलपुर ब्लॉक का करीब 2210 आबादी वाला यह गांव घने जंगलों से घिरा हुआ है। यहां के ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय खेती-किसानी एवं मजदूरी है। प्रकृति की शुद्ध वातावरण में स्थित इस गांव में पहले शुद्ध पेयजल की किल्लत थी, विशेषकर ग्रामीण महिलाएं पानी की आपूर्ति के लिए परेशान रहती थीं। एक गुण्डी पानी के लिए हैंडपंप में लम्बी कतार से होकर गुजरना पड़ता था, तबियत खराब हो तब भी पानी के लिए जूझना पड़ता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन की हर घर जल प्रदाय से गांव की महिलाएं प्रसन्न हैं और घर के कामकाज को जल्दी निपटाकर खेती-किसानी में जुट जाती हैं।

जल जीवन मिशन से हर घर जल प्रमाण पत्र मिलने के बाद सरपंच पदम नाग ने गांव के प्रत्येक घरों में नल लगाकर पानी की सुविधा मुहैया करवाने हेतु अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे गांव पुसपाल के सभी घरों में नल से शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। वहीं ग्रामीण महिला आशा का कहना है कि अपने घर में पानी पाकर मैं बहुत खुश हूं अब हमें घर में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। घर से दूर जाना नहीं पड़ता और घरेलू कार्यों में काफी सहूलियत हो रही है।

ओड़िया अस्मिता और प्रवासी ओड़िया रचना धर्मिता पर रखे विचार

# जैपुर में हर्षिता साहित्य उत्सव में बस्तर की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जयपुर ओडिशा में शनिवार-रविवार को हर्षिता साहित्य उत्सव का आयोजन हुआ। जो देसिया कुटुंब संस्था और उत्कल निवासियों के सहयोग से संपादित हुआ । इस कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुर विधायक तारा प्रसाद वाहिनी पति ने किया और विशिष्ट अतिथि उत्कल साहित्यकार सरोजिनी साहू उपस्थित रहीं। इसमें जनजातीय संस्कृति, उड़िया साहित्य एवं प्रवासी ओड़िया की रचना धर्मिता पर चर्चाएं की गईं।

इस अवसर पर शहर से डॉक्टर पीयूष रंजन साहू नृतित्व विज्ञानी आंचलिक विभाग प्रमुख मानव



विज्ञान छत्तीसगढ़ तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका, साहित्यकार उर्मिला आचार्य शामिल हुईं। उर्मिला ने ओड़िया अस्मिता और प्रवासी ओड़िया रचना धर्मिता पर अपने विचार रखे। खासकर जगरनाथ संस्कृति, खानपान, रीति रिवाज चईत परब, भतरी नाट धानमाणिका चित्रपट और बस्तर में उत्कल एवं आरण्यक उत्कल समाज के योगदान का। डॉक्टर साहू ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में नल साम्राज्य के संदर्भ में तथ्यपरक जानकारियां साझा की।

### कवि, कथाकार आलोचक हुए शामिल

दो दिवसीय कार्यक्रम में ओडिशा साहित्य अकादमी के सदस्य, कवि, कथाकार, आलोचक शामिल हुए। जनजातीय लेखन कार्य में विशिष्ट स्थान रखने वाले साइमन बिडिका और उनके साथ धर्मराज मांझी, सब्यसाची बिसोई ने इस तरह के कार्यक्रम दो प्रांतों के बीच संस्कृतिक विरासत और इतिहास को संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411